**भारत सरकार**

**भारी उद्‌योग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 314**

**04 फ़रवरी, 2025 को उत्तर के लिए नियत**

**"वृहत औद्‌योगिक पार्क"**

314 **श्री सेल्वाराज वी**:

**श्री सुब्बारायण के.:**

क्या **भारी उद्‌योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की देश के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को सुप्रवाही बनाने के लिए सम्पूर्ण देश में समर्पित वृहत औद्‌योगिक पार्कों का निर्माण करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश में केवल कुछ औद्‌योगिक पार्क ही विद्‌यमान हैं और उनमें से अधिकांश अनुचित कार्यान्वयन और अवसंरचनात्मक सुविधाओं के अभाव के फलस्वरूप अक्रियाशील हैं; और

(घ) यदि हां, तो नए औद्‌योगिक पार्कों को आरंभ करने से पहले मौजूदा औद्‌योगिक पार्कों को कार्यशील करने के लिए क्या उपाय किए जाने का विचार है?

**उत्तर**

**भारी उद्‌योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) और (ख): वस्त्र मंत्रालय ने 2027-28 तक सात वर्षों की अवधि के लिए 4445 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड स्थलों पर 7 पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 7 स्थलों अर्थात तमिलनाड् (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दे दिया गया है।

(ग) और (घ): जी नहीं। जहां तक भारी उद्‌योग मंत्रालय का सवाल है, कर्नाटक सरकार के साथ साझेदारी में तुमकुर, कर्नाटक में एक विश्व स्तरीय मशीन टूल पार्क स्थापित किया गया है , जो "भारतीय पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना- चरण- I" योजना के अंतर्गत है । औद्‌योगिक पार्क पूरी तरह कार्यात्मक है और कुल आवंटन योग्य 336 एकड़ भूमि में से अब तक 158 एकड़ भूमि (यानी 78 प्लॉट) आवंटित की जा चुकी है। इसके अलावा, खाद्‌य प्रसंस्करण उद्‌योग मंत्रालय ने 41 मेगा फूड पार्कों को मंजूरी दी है और इसकी स्थिति अनुलग्नक में दी गई है।

******

**संलग्नक**

| **क्र. सं.** | **एसपीवी/आईए नाम** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **जिले का नाम** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीनि फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | चित्तूर | परिचालनरत |
| 2 | गोदावरी मेगा एक्वा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | पश्चिमी गोदावरी | परिचालनरत |
| 3 | आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (एपीआईआईसी) | आंध्र प्रदेश | कृष्णा | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 4 | रोंगोगे मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | अरुणाचल प्रदेश | पापुम पारे | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 5 | नॉर्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड | असम | नलबाड़ी | परिचालनरत |
| 6 | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बीआईएडीए) | बिहार | मुजफ्फरपुर | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 7 | प्रिस्टीन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | बिहार | खगरिया | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 8 | इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | छत्तीसगढ | रायपुर | परिचालनरत |
| 9 | गुजरात एग्रो इंफ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात | सूरत | परिचालनरत |
| 10 | फणीधर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात | मेहसाणा | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 11 | हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड़) | हरियाणा | रोहतक | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 12 | हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) | हरियाणा | सोनीपत | परिचालनरत |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | क्रेमिका फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | हिमाचल प्रदेश | ऊना | परिचालनरत |
| 14 | आरएफके ग्रीन्स फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | जम्मू और कश्मीर | पुलवामा | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 15 | इंटीग्रेटेड फूड पार्क लिमिटेड | कर्नाटक | तुमकुर | परिचालनरत |
| 16 | फेवोरिच इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड | कर्नाटक | मंड्या | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 17 | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (केआईएनएफआरए) | केरल | पलक्कड़ | परिचालनरत |
| 18 | केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (केएसआईडीसी) | केरल | अलपुझा | परिचालनरत |
| 19 | इंडस मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मध्य प्रदेश | खरगोन | परिचालनरत |
| 20 | अवंती मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मध्य प्रदेश | देवास | परिचालनरत |
| 21 | सतारा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | सतारा | परिचालनरत |
| 22 | पैठन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | औरंगाबाद | परिचालनरत |
| 23 | वर्धा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | वर्धा | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 24 | मणिपुर खाद्य उद्योग निगम लिमिटेड | मणिपुर | थौबल | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 25 | मेघालय औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (एमआईडीसी) | मेघालय | उत्तरी गारो हिल्स | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 26 | ज़ोरम मेगा फ़ूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मिजोरम | कोलासिब | परिचालनरत |
| 27 | डॉयसएग्री रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड | नागालैंड | दीमापुर | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 28 | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लिमिटेड | ओडिशा | रायगढ़ | परिचालनरत |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (आईडीसीओ) | ओडिशा | खोरधा | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 30 | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | पंजाब | फाजिल्का | परिचालनरत |
| 31 | सुखजीत मेगा फूड पार्क एंड इंफ्रा लिमिटेड | पंजाब | कपूरथला | परिचालनरत |
| 32 | पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएआईसी) | पंजाब | लुधियाना | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 33 | ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | अजमेर | परिचालनरत |
| 34 | श्री राम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | बीकानेर | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 35 | तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड (टीएनएसएएमबी) | तमिलनाडु | तिरुनेलवेली | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 36 | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | तेलंगाना | निजामाबाद | परिचालनरत |
| 37 | तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (TSIIC) | तेलंगाना | खम्माम | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 38 | सिकरिया मेगा फूड पार्क (पी) लिमिटेड | त्रिपुरा | पश्चिमी त्रिपुरा | परिचालनरत |
| 39 | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | उत्तराखंड | हरिद्वार | परिचालनरत |
| 40 | हिमालयन फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | परिचालनरत |
| 41 | जंगीपुर बंगाल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | मुर्शिदाबाद | परिचालनरत |